राज्यपाल सचिवालय

राजभवन जयपुर

राज्यपाल ने नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण कियाए दानदाताओं को सम्मानित किया

राज्यपाल ने कहाए शिक्षा का प्रसार पुण्य कार्य

जयपुरए 6 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को छत्रपति संभाजी नगर स्थित सृजन शैक्षणिक प्रतिष्ठानए बिडकीन के नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने दानदाताओं उद्यमियों का सम्मान भी किया।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि शिक्षा के लिए दिया दान सबसे बड़ा दान है। उन्होंने शिक्षा के प्रसार को पुण्य कर्म बताते हुए कहा कि जिस समाज में शिक्षा के अवसर बढ़ते हैंए वहीं विकास होता है।

उन्होंने दानदाताओं को सम्मानित करते हुए शैक्षिक क्षेत्र में उनके अवदान को अनुकरणीय बताया। उन्होंने अवसर पर ष्सृजन" पुस्तिका का भी विमोचन किया। राज्यपाल ने छात्र छात्राओं को खूब पढ़ने और जीवन में आगे बढ़ने का भी आहवान किया।

'पेट्रोल पंप का लोकार्पण*

राज्यपाल श्री बागडे ने सोमवार को छत्रपति संभाजी नगर के गनौरी गांव में भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप का भी लोकार्पण किया।

सृजन शैक्षणिक प्रतिष्ठान
बिडकीन, ता.पैठण, जि.छत्रपती संभाजीनगर
मदतीतून संस्थेत भव्य सभागृह बांधण्यात आले आहे.
प्रमुख पाहुणे
डॉ.हिरु गुरसहानी
अध्यक्ष
प्रकाश मंडप